**कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय,**
**तीसरी मंजिल, एन.सी.यू.आई बिल्डिंग, 3, सीरी सांस्थानिक क्षेत्र, अगस्त क्रांति मार्ग,**
**नई दिल्ली-110016**
**वेबसाइट:** https://apeda.gov.in

**एपीडा के भौगोलिक संकेतक (जी.आई) उत्पादों की गैलरी को स्थापित करने हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

सीपीपी पोर्टल निविदा आई.डी: 2021_APEDA_608566_1

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) द्वारा इस निविदा दस्तावेज में उल्लिखित कार्य के क्षेत्र के अनुसार एपीडा के भौगोलिक संकेतक (जीआई) उत्पादों के लिए गैलरी की स्थापना हेतु कोटेशन आमंत्रित किया जा रहा है।

| **निविदा संदर्भ** | **एपीडा/पीएडी-2020-21-0153** |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज़ के निर्गमन के आरंभ होने की तिथि | 09.06.2021 |
| निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि और समय | 30.06.2021 को अपराह्न 05:00 बजे तक |
| संपर्क करने हेतु पता | सचिव,<br>एपीडा, तीसरी और चौथी मंजिल, एनसीयूआई बिल्डिंग,<br>3, सीरी सांस्थानिक क्षेत्र, अगस्त क्रांति मार्ग,<br>नई दिल्ली-110016 |
| ई-मेल पता | sudhanshu@apeda.gov.in |
| संपर्क फोन नं. | 011-41486017 |
| बोलियों को भेजा जाए | सचिव,<br>एपीडा, तीसरी और चौथी मंजिल, एनसीयूआई बिल्डिंग,<br>3, सीरी सांस्थानिक क्षेत्र, अगस्त क्रांति मार्ग,<br>नई दिल्ली-110016 |

**सचिव (एपीडा)**

**कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात विकास प्राधिकरण**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय,**
**तीसरी मंजिल, एन.सी.यू.आई बिल्डिंग, 3, सीरी सांस्थानिक क्षेत्र, अगस्त क्रांति मार्ग,**
**नई दिल्ली-110016**
**वेबसाइट: https://apeda.gov.in**

**09.06.2021**

**एपीडा के भौगोलिक संकेतक (जी.आई) उत्पादों की गैलरी को स्थापित करने हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

एपीडा, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। एपीडा द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के क्षेत्र के अनुसार एपीडा के जीआई उत्पादों के लिए गैलरी की स्थापना करने हेतु सीलबंद बोलियों का आमंत्रण किया जा रहा है।

**कार्य का क्षेत्र:**

भौतिक उत्पादों और इन्फोग्रेफिक्स तथा दृश्य व्यवस्थाओं के साथ भारत के जीआई उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एपीडा, नई दिल्ली में चौथी मंजिल स्पेस गैलरी (लगभग 40 फिट X 9 फिट) पर स्थापना की जाए। गैलरी को सरकार की पहल "भारत का अमृत महोत्सव" की ब्रांडिंग के साथ पूरा किया जाए।

गैलरी की छत को सूरज की रोशनी और बारिश से बचाने के लिए लगभग आकार (40X5 फीट) के सिलिकॉन फिलिंग के साथ एमएस सेक्शन पर मोटी फाइबर शीट से आधा कवर किया जाएगा। रूचि प्रकटन में गैलरी की मुख्य सामने की दीवार में चार प्रमुख खंड और अन्य विस्तृत भागों का प्रस्ताव है। जैसे कि विभिन्न बिजली एवं ए.सी और अन्य कनेक्टर तार पहले से ही दीवार पर लगे हुए हैं, इसलिए दीवार पर चार प्रमुख भागों को स्थापित करना होगा ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें किसी भी समय खोला जा सके।

प्रमुख वर्गों के डिजाइन का वर्णन नीचे दिया गया है:

1. छत को एमएस सेक्शन पर मोटी फाइबर शीट से आधा कवर किया जाएगा, जिसमें सिलिकॉन फिलिंग लगभग आकार (40X5 फीट) होगी ताकि इसे धूप और बारिश से बचाया जा सके।

2. सामने की दीवार पर चार प्रमुख खंड।

   2.1 भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भारत के अमृत महोत्सव के लोगो को सम्मिलित करते हुए जीआई उत्पाद प्रदर्शित किए जाएं। उत्पादों को पारदर्शी सामग्री से ढके फ्रेम में दिखाया जाए।

दृश्य ब्रांडिंग के साथ टी.वी की इन्स्टालेशन। टीवी के नीचे इन्फोग्राफिक्स का इस्तेमाल विभिन्न ब्रांडिंग के लिए किया जा सकता है।

2.2 उत्पाद की उत्पत्ति के स्थान को दिखाने के लिए चिन्ह के साथ भौतिक उत्पादों को दर्शाने वाली अलमारियों से घिरे भारत का मानचित्र हो।

2.3 टीवी की स्थापना के साथ दृश्य ब्रांडिंग हो। टीवी के नीचे इन्फोग्राफिक्स का इस्तेमाल विभिन्न ब्रांडिंग के लिए किया जा सकता है।

2.4 भौतिक उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए शेल्फ के साथ एपीडा लोगो हो। इससे एपीडा ब्रांडिंग को भी मजबूती मिलेगी।

3. पार्श्व दीवारों की छत, दीवार के ऊपर के खंभे और पीछे के खंभे भी समान थीम और रंगों से ढके होंगे और केंद्रित जीआई उत्पादों की ब्रांडिंग प्रदर्शित करेंगे। इसे मुख्य गैलरी के साथ तालमेल बिठाने के लिए एक रूप देने के लिए व्यवस्थित किया जाएगा।

4. उपरोक्त सभी व्यवस्थाओं को सौंदर्यपूर्ण रूप देने के लिए उपयुक्त स्थानों पर फोकस लाइट के साथ पूरा किया जाएगा।

**लागत घटक:**

| क्र.सं. | विवरण |
|---|---|
| 1 | एमएस सेक्शन के साथ कैनोपी + सिलिकॉन फिलिंग के साथ रूफ एरिया फाइबर शीट (40X5 फीट) |
| 2 | फ्रंट मेन वॉल पैनलिंग हैवी एमएस पाइप सेक्शन 38 X 38 मि.मी, रेड ऑक्साइड बेस कोट और लैमिनेटेड पेस्टिंग सनमाइका साइज 40 फीट वॉल की 8 मि.मी कमर्शियल प्लाई |
| 3 | भाग क<br>दीवार पैनलिंग पर 8 मिमी चौड़ा एपीडा लोगो (एमडीएफ) + 10 मि.मी ग्लास शेल्फ (10)<br><br>एल्यूमीनियम फ्रेम के साथ 'भारत का अमृत महोत्सव' (42 x 16 इंच) लोगो |
| 4 | भाग ख<br><br>दीवार पैनलिंग पर 8 मिमी चौड़ा भारत का मानचित्र (एमडीएफ) + 10 मि.मी ग्लास शेल्फ (10)<br><br>एल्यूमीनियम फ्रेम के साथ 'भारत का अमृत महोत्सव' (42 x 16 इंच) लोगो |
| 5 | भाग ग<br><br>जीआई उत्पाद वॉल ऑफ फेम 10 मिमी सफेद रंग एल्यूमीनियम फ्रेम 4 भाग (24X16 इंच) 4 भाग (18X12 इंच) प्रिंट के साथ |
| 6 | भाग घ<br><br>LED टी.वी (लगभग 50 इंच)<br>(एपीडा द्वारा टी.वी उपलब्ध किया जाएगा)। लोहे के फ्रेम के साथ इंस्टॉलेशन शुल्क सूचित करें। |

| | |
|---|---|
| | LED टी.वी के नीचे - प्रिंट के साथ तीन भाग वाला एल्यूमिनियम फ्रेम (12 x 18 इंच)। |
| 7 | ओवरहेड पिलर (3) + बाएं और दायीं ओर का लगभग 250 वर्ग फुट का क्षेत्र (लोहे के फ्रेम के साथ एसीपी शीट) |
| 8 | लगभग 250 वर्ग मीटर का पीछे की दीवार का पूरा कवर क्षेत्र<br>(लोहे के फ्रेम के साथ एसीपी शीट) |
| 9 | **प्रकाश व्यवस्था** |
| 9.1 | प्रत्येक क,ख,ग,घ भाग के लिए दो हैंगिंग लाइट्स |
| 9.2 | तीन खंभों पर तीन LED सीलिंग लाइट (कुल 9 लाइट) |
| 10 | **ब्रांडिंग भाग** |
| 10.1 | ओवरहेड पिलर ब्रांडिंग फ्रंट और बैक साइड के साथ एल्यूमिनियम फ्रेम में इन्फोग्राफिक्स<br>कुल तीन स्तंभ जिसमें दोनों ओर ब्रांडिंग हो<br>26 X 18 इंच - 2 भाग<br>18 X 18 इंच - 1 भाग<br>कुल 12 ब्रांडिंग |
| 10.2 | एल्यूमिनियम फ्रेम में पर्याप्त इन्फोग्रेफिक्स के साथ बैक साइड वॉल ब्रांडिंग<br>30 X 12 इंच प्रत्येक<br>कुल 12 ब्रांडिग |
| | कुल योग |

**सामान्य नियम एवं शर्तें**

1. बोलीदाता द्वारा दो पृथक सीलबंद लिफाफों में तकनीकी और वित्तीय बोली जमा की जाएं। इन लिफाफों को सुरक्षित रूप से सीलबंद किया जाए और उन पर स्पष्ट रूप से "**लिफाफा 1: -तकनीकी बोली"** और "**लिफाफा 2: -वित्तीय बोली** चिह्नित किया जाए। इन दोनों पृथक लिफाफों को एक लिफाफे में रखा जाए और उस लिफाफे पर बोलीदाता के नाम और पते के साथ **"एपीडा के भौगोलिक संकेतक (जीआई) उत्पादों के लिए गैलरी की स्थापना हेतु कोटेशन"** उल्लेख किया जाए।
2. एपीडा बिना कारण बताए किसी भी समय अनुबंध को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
3. बोली खोलने के दौरान किसी बोलीदाता को नहीं बुलाया जाएगा। बोलियों की जांच सक्षम प्राधिकारी द्वारा नामित समिति द्वारा की जाएगी।
4. बोलीदाता अनुबंध -2 में दिए गए प्रारूप के अनुसार दस्तावेज़ में उल्लिखित कार्य के दायरे के लिए अपनी दरें उद्धृत करें। एपीडा द्वारा कोई अतिरिक्त लागत का भुगतान नहीं किया जाएगा। परिवहन की सभी लागत, बोलियां की प्रस्तुति, अधिकारियों का दौरा शुल्क आदि बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
5. प्रत्येक बोलीदाता को केवल एक कोटेशन प्रस्तुत करनी होगी।
6. कार्य के लिए उद्धृत दरें अनुबंध की अवधि के लिए निर्धारित की जाएंगी और समायोजन के अधीन नहीं होंगी।
7. **यह एक अनुकूलित कार्य है, केवल उन बोलीदाताओं की कोटेशन खोली जाएंगी जो पूर्व बोली बैठक में भाग लेंगे।**
8. तकनीकी बोली में अर्हता प्राप्त करने के बाद वित्तीय बोली में एल1 के आधार पर चयन किया जाएगा।
9. कार्यादेश जारी होने की तिथि से एक माह में कार्य पूर्ण किया जाए।
10. **क्षेत्राधिकार :-** विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार न्यायालय केवल दिल्ली न्यायालय होगा।

11. निष्पादन गारंटी:- सफल बोलीदाता द्वारा एक अपरिवर्तनीय बैंक गारंटी के रूप में अनुबंध मूल्य के 10% की राशि के रूप में एक प्रदर्शन गारंटी दी जाएगी। कार्य के संतोषजनक समापन के बाद निष्पादन गारंटी जारी की जाएगी।

**12. पूर्व बोली बैठक**

निम्नलिखित पते पर नई दिल्ली स्थित एपीडा कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में दिनांक 16.06.2021 को प्रात: 11 बजे पूर्व बोली बैठक आयोजित की जाएगी।

**पता:** तीसरी मंजिल, एनसीयूआई बिल्डिंग
3, सीरी सांस्थानिक क्षेत्र,
अगस्त क्रांति मार्ग, (खेल गांव के सामने)
नई दिल्ली-110016
संपर्क व्यक्ति: श्री सी.एस. दुदेजा, लेखाकार (क्रामिक एवं प्रशासनिक)
श्री गोविंद गौर, कार्यकारी (ई.डी.पी)

**13. भुगतान की शर्तें**

क. भुगतान: भुगतान का 10% अग्रिम रूप से समकक्ष राशि की प्रदर्शन बैंक गारंटी जमा करने के लिए किया जाएगा।

ख. 90% भौतिक कार्य पूरा होने के बाद कार्य आदेश मूल्य का 90% भुगतान किया जाएगा।

ग. कार्य के 100% संतोषजनक समापन के बाद कार्य आदेश का शेष 10% भुगतान किया जाएगा।

**टिप्पणी:**

1. सक्षम प्राधिकारी के पास निविदा प्रक्रिया के किसी भी बिंदु पर बिना कोई कारण बताए किसी भी कोटेशन को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

2. चयन समिति बिना कोई कारण बताए और एपीडा पर किसी भी दायित्व के बिना, अनुबंध/आदेश देने से पहले किसी भी समय घोषणा को वापस लेने, किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

3. इस निविदा दस्तावेज के संबंध में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

**संलग्नक-1**

**तकनीकी बोली प्रारूप**

(पृथक रूप से मुहरबंद लिफाफे पर स्पष्ट रूप से “लिफाफा: 1 -तकनीकी बोली” लिख कर प्रस्तुत करें)

तकनीकी बोली के रूप में प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ निम्नलिखित पात्रता मानदंड:

| **क्र.सं.** | **पात्रता मानदण्ड** | **आवश्यक सहायक दस्तावेज की विधिवत हस्ताक्षर और स्टाम्प प्रति** | **हाँ/नहीं और परिवर्तन, यदि कोई हो** |
|---|---|---|---|
| 1 | कंपनी भारत में उचित कर और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से पंजीकृत हो। | पैन कार्ड और जीएसटी पंजीकरण प्रमाण-पत्र | |
| 2 | संगठन के पास पिछले तीन वर्ष में कम से कम 15 लाख रूपए का औसत टर्नओवर हो। | पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए सनदी लेखाकार से फर्म का टर्नओवर प्रमाण-पत्र | |
| 3 | संगठन को संबंधित क्षेत्र में सरकारी क्षेत्र से कम से कम तीन कार्य आदेशों के साथ समान क्षेत्र में काम करने का तीन साल का अनुभव हो। | पिछले तीन वर्षों के दौरान कार्य आदेशों की प्रति संलग्न करें | |
| 4 | आवेदक द्वारा एक उत्तरदायित्व प्रस्तुत किया जाए जिसमे यह उल्लिखित हो कि फर्म को भारत में ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है। | अधिकृत हस्ताक्षर के साथ कंपनी के लेटर हेड पर उत्तरदायित्व पत्र | |
| 5 | नियम और शर्तों की स्वीकृति के लिए बोलीदाता द्वारा हस्ताक्षरित प्रत्येक पृष्ठ के साथ निविदा दस्तावेज की प्रति | हस्ताक्षरित निविदा दस्तावेज | |

**संलग्नक-2**

**वित्तीय बोली**

(पृथक रूप से मुहरबंद लिफाफे पर स्पष्ट रूप से “लिफाफा: 2- वित्तीय बोली” लिख कर प्रस्तुत करें)

| क्र.सं. | विवरण | रूपए में राशि |
|---|---|---|
| 1 | एमएस सेक्शन के साथ कैनोपी + सिलिकॉन फिलिंग के साथ रूफ एरिया फाइबर शीट (40X5 फीट) | |
| 2 | फ्रंट मेन वॉल पैनलिंग हैवी एमएस पाइप सेक्शन 38 X 38 मि.मी, रेड ऑक्साइड बेस कोट और लैमिनेटेड पेस्टिंग सनमाइका साइज 40 फीट वॉल की 8 मि.मी कमर्शियल प्लाई | |
| 3 | **भाग क**<br><br>दीवार पैनलिंग पर 8 मिमी चौड़ा एपीडा लोगो (एमडीएफ) + 10 मि.मी ग्लास शेल्फ (10)<br><br>एल्यूमीनियम फ्रेम के साथ 'भारत का अमृत महोत्सव' (42 x 16 इंच) लोगो | |
| 4 | **भाग ख**<br><br>दीवार पैनलिंग पर 8 मिमी चौड़ा भारत का मानचित्र (एमडीएफ) + 10 मि.मी ग्लास शेल्फ (10)<br><br>एल्यूमीनियम फ्रेम के साथ 'भारत का अमृत महोत्सव' (42 x 16 इंच) लोगो | |
| 5 | **भाग ग**<br><br>जीआई उत्पाद वॉल ऑफ फेम 10 मिमी सफेद रंग एल्यूमीनियम फ्रेम 4 भाग (24X16 इंच) 4 भाग (18X12 इंच) प्रिंट के साथ | |
| 6 | **भाग घ**<br><br>LED टी.वी (लगभग 50 इंच)<br>(एपीडा द्वारा टी.वी उपलब्ध किया जाएगा)। लोहे के फ्रेम के साथ इंस्टॉलेशन शुल्क सूचित करें।<br><br>LED टी.वी के नीचे - प्रिंट के साथ तीन भाग वाला एल्यूमिनियम फ्रेम (12 x 18 इंच)। | |
| 7 | ओवरहेड पिलर (3) + बाएं और दायीं ओर का लगभग 250 वर्ग फुट का क्षेत्र (लोहे के फ्रेम के साथ एसीपी शीट) | |
| 8 | लगभग 250 वर्ग मीटर का पीछे की दीवार का पूरा कवर क्षेत्र<br>(लोहे के फ्रेम के साथ एसीपी शीट) | |
| 9 | **प्रकाश व्यवस्था** | |
| 9.1 | प्रत्येक क,ख,ग,घ भाग के लिए दो हैंगिंग लाइट्स | |

| | | |
|---|---|---|
| 9.2 | तीन खंभों पर तीन LED सीलिंग लाइट (कुल 9 लाइट) | |
| 10 | **ब्रांडिंग भाग** | |
| 10.1 | ओवरहेड पिलर ब्रांडिंग फ्रंट और बैक साइड के साथ एल्यूमिनियम फ्रेम में इन्फोग्राफिक्स<br>कुल तीन स्तंभ जिसमें दोनों ओर ब्रांडिंग हो<br>26 X 18 इंच - 2 भाग<br>18 X 18 इंच - 1 भाग<br>कुल 12 ब्रांडिंग | |
| 10.2 | एल्यूमिनियम फ्रेम में पर्याप्त इन्फोग्रेफिक्स के साथ बैक साइड वॉल ब्रांडिंग<br>30 X 12 इंच प्रत्येक<br>कुल 12 ब्रांडिंग | |
| | कुल योग | |

तिथि:-

हस्ताक्षर प्राधिकारी के हस्ताक्षर और मुहर